Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding employees working under Literary Mission.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके प्रति आभारी हूं।

महोदया, मैं आज शून्य काल में, आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। साक्षर भारत मिशन के तहत जिला स्तर पर, पूरे भारतवर्ष में लगभग साढ़े पांच लाख साक्षर भारत मिशन कर्मियों का संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है। वर्ष 1999 से लेकर 31 मार्च, 2018 तक इन लोगों ने मात्र 2000 रुपये के मानदेय पर काम किया। 2000 रुपये के मानदेय पर लगभग 19 वर्षों तक काम करने के बाद अचानक 31 मार्च, 2018 के बाद उनकी सेवा अवधि समाप्त कर दी गई है। उनसे साक्षरता के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के कार्य लिए गए। **…**(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अब आपकी बात आ गई है।

श्री रवीन्द्र कुमार राय: अध्यक्ष महोदया, उनसे विभिन्न प्रकार के कार्य जैसे, पल्स पोलियो, कुष्ठ उन्मूलन, पीडीएस सुपरवाइजर, मतदान कार्य, योजना बनाओ अभियान, मनरेगा कार्य, स्वच्छ भारत मिशन आदि लिए गए।**…**(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अब आपकी बात आ गई है, इतना लम्बा मत बोलिए।

श्री रवीन्द्र कुमार राय: अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके माध्यम से इतना ही अनुरोध है कि विभाग उनके बारे में विचार करे, क्योंकि 19 वर्ष कार्य करने के बाद वे किसी लायक नहीं रहते हैं। विभाग उन पर विचार करे, उनकी सेवा अवधि का विस्तार करे और उनके मानदेय को भी बढ़ाने का काम करे। मैं सरकार से यह करने का आग्रह करता हूं।**…**(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री रमेश बिधूड़ी – उपस्थित नहीं।

श्री अरविंद सावंत।